बासमती में बकानी या झंडा रोग की रोकथाम के लिए बायोकंट्रोल (जैविक नियंत्रण) एजेंट ट्राइकोडर्मा एस्पेरलम

बासमती में बकानी रोग, जिसे झंडा रोग या पैर गलन रोग भी कहा जाता है, की रोकथाम के लिए पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी ए यू), लुधियाना ने बायोकंट्रोल (जैविक नियंत्रण) एजेंट ट्राइकोडर्मा एस्पेरलम 2% डब्ल्यूपी को केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सी आई बी आर सी) के साथ पंजीकृत किया है।

19 अप्रैल, 2024 को सी आई बी आर सी की 455वीं बैठक के दौरान इसका पंजीकरण स्वीकार किया गया जो टिकाऊ कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में बासमती चावल में बकानी रोग एक समस्या बनी हुई है जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। इस रोग कारण पंजाब के बासमती चावल के निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है।

पिछले दिनों में, पंजाब में पूसा बासमती 1121 और पूसा बासमती 1509 किस्मों में पैर गलन रोग की मध्यम से तेज़ हमले की घटनाएं दर्ज की गई हैं। यह रोग न केवल उपज को कम करता है बल्कि प्रभावित चावल के दानों में मायकोटॉक्सिन दूषण के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा करता है।

ट्राइकोडर्मा एस्पेरलम एक बायोकंट्रोल एजेंट है जो रासायनिक कीटनाशकों, जो अक्सर हानिकारक अवशेष छोड़ते हैं, के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करता है।

बासमती के बीज और पौध का ट्राइकोडर्मा एस्पेरलम से उपचार करके किसान पर्यावरण को ख़राब किए बिना बकानी रोग का मुकाबला कर सकते हैं।